# PAPER-III
# COMMERCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**J 0 8 1 4**

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## COMMERCE
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The Competition Act, 2002, seeks to regulate
(A) Anti-competitive agreements
(B) Mergers and amalgamation
(C) Unfair trade practices
(D) (A) and (B) above

**2.** Indicate the true statement :
(A) Large industrial houses are outside the purriew of the Competition Act, 2002
(B) There is no provision for curbing frivolous complaints under the CPA.
(C) The Trade Marks Act, 1999 does not apply to services.
(D) All of the above are true.

**3.** The time limit for filing a complaints before the District forum under the Consumer Protection Act, 1986 is
(A) one year
(B) two years
(C) three years
(D) There is no such time limit.

**4.** The Foreign Investment Promotion Board (FIPB) revamps the rules and regulations pertaining to
(A) Accounting of Foreign Investment
(B) Investment by NRIs
(C) Foreign investments
(D) All of the above

**5.** Which of the legislation(s) do (does) not form part of the legal environment of business in India ?
(A) The Drugs and Cosmetics Act, 1940
(B) The Prevention of Food Adulteration Act, 1954
(C) The Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969
(D) Both (B) and (C) above

**6.** What is the underlying concept that support the immediate recognition of an estimated loss ?
(A) Substance over form
(B) Consistency
(C) Matching
(D) Prudence

**7.** Which is not the limitation of budgetary control ?
(A) Budgets are based on forecasts which may not be true
(B) Installation and operation of a system of budgetary control is costly.
(C) Budget is a tool of management and not a substitute of management
(D) Budgets do not pinpoint the lack of efficiency or the presence of it.

**8.** Profit volume ratio of an enterprise is 40%. To offset 10% decrease in selling price, how much sales must be increased ?
(A) 10% (B) 20%
(C) 25% (D) 40%

**9.** If debt is ₹ 220, cash balance is ₹ 20 and equity is ₹ 300, then the gearing ratio is
(A) 20% (B) 40%
(C) 50% (D) 30%

**10.** Responsibility accounting aims to
(A) ensure that a manager is punished if things go wrong.
(B) ensure that costs become the responsibility of a specific manager.
(C) allocate costs to all areas of a business.
(D) reduce the costs that a department incurs.

# वाणिज्य

## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 क्या-क्या नियन्त्रित करता है ?
(A) प्रतिस्पर्धा-विरोधक अनुबन्ध
(B) विलयन एवं समामेलन
(C) अनुचित व्यापार प्रथायें
(D) उपर्युक्त (A) व (B) दोनों

**2.** सत्य कथन बताइये –
(A) बड़े औद्योगिक घराने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के क्षेत्र से बाहर हैं ।
(B) CPA के अन्तर्गत 'मामूली' शिकायतों को रोकने का कोई प्रावधान नहीं है ।
(C) ट्रेड मार्कस् अधिनियम, 1999 सेवाओं पर लागू नहीं होता है ।
(D) उपर्युक्त सभी सत्य हैं ।

**3.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट फोरम के समक्ष शिकायत दर्ज करने की समय-सीमा है :
(A) एक वर्ष
(B) दो वर्ष
(C) तीन वर्ष
(D) ऐसी कोई समय सीमा <u>नहीं</u> है ।

**4.** विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफ.आइ.पी.बी.) किससे सम्बन्धित नियमों एवं विनिमयों में आमूल-चूल परिवर्तन करता है ?
(A) विदेश निवेश का लेखांकन
(B) NRIs द्वारा निवेश
(C) विदेश निवेश
(D) उपर्युक्त सभी

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम भारत में कारोबार के विधिक वातावरण का तत्त्व नहीं है ?
(A) औषध एवं श्रृंगार प्रसाधन अधिनियम, 1940
(B) खाद्य अपमिश्रण निरोध अधिनियम, 1954
(C) एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाएँ अधिनियम, 1969
(D) उपरोक्त (B) और (C) दोनों

**6.** अनुमानित हानि की तत्काल पहचान का समर्थन करने वाली अंतर्निहित अवधारणा क्या है ?
(A) स्वरूप से यथार्थ अधिक महत्त्वपूर्ण
(B) संगतता
(C) मिलान
(D) विवेक

**7.** बजटन नियन्त्रण की सीमा क्या नहीं है ?
(A) बजट पूर्वानुमानों पर आधारित होते हैं जो कि सत्य नहीं भी हो सकते हैं ।
(B) बजटन नियन्त्रण की प्रणाली का संस्थापन एवं प्रचालन मँहगा होता है ।
(C) बजट, प्रबन्धन का उपकरण होता है और प्रबन्धन का प्रतिस्थापन नहीं ।
(D) बजट, क्षमता के अभाव अथवा उसकी उपस्थिति का ठीक-ठीक पता नहीं लगाता है ।

**8.** उद्यम का लाभ-मात्रा अनुपात 40% है । बिक्री कीमत में 10% गिरावट को प्रतिसंतुलित करने के लिये, बिक्री में कितनी वृद्धि करनी चाहिये ?
(A) 10% (B) 20%
(C) 25% (D) 40%

**9.** यदि ऋण ₹ 220 है, नकद शेष ₹ 20 है और इक्विटी ₹ 300 है, तो फिर गियरिंग अनुपात कितना होगा ?
(A) 20% (B) 40%
(C) 50% (D) 30%

**10.** उत्तरदायित्व लेखांकन का लक्ष्य :
(A) यह सुनिश्चित करना है कि गलत हो जाने पर प्रबन्धक को दण्डित किया जाता है ।
(B) यह सुनिश्चित करना कि लागतें विशिष्ट प्रबन्धक की जिम्मेदारी बन जाती है ।
(C) लागतों को कारोबार के सभी क्षेत्रों में आबंटित करना ।
(D) विभागों की लागतों को कम करना ।

11. Find the correct matching of the items of List – I with the items of List – II given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Normal Profit | (I) Excess of total revenue over total explicit cost |
| (b) Economic profit | (II) Total revenue equals total economic cost |
| (c) Accounting profit | (III) Excess of total revenue over total of explicit and implicit costs and a normal rate of return |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) |
|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (a) | (b) |
| (B) | (b) | (a) | (c) |
| (C) | (a) | (b) | (c) |
| (D) | (a) | (c) | (b) |

12. **Assertion (A) :** A monopoly firm's revenue curve is downward sloping from left to right.

**Reason (R) :** The monopoly firm does not simultaneously enjoy the freedom to determine both price and quantity to be sold according to its whims and fancy.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

13. The equilibrium level of output for a perfect competitive firm is given by the point where :

(A) MR = MC
(B) MR < MC
(C) MR > MC
(D) MR = MC, and MC starts rising.

14. Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (i) Dumping | (a) Monopolistic competitive firm |
| (ii) Kinked Revenue Curve | (b) Oligopoly firm |
| (iii) Horizontal straight line revenue curve | (c) Perfectively competitive firm |
| (iv) Large number of buyers and sellers with differentiated products | (d) Discriminatory monopoly |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (d) | (c) | (b) |
| (B) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (C) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (D) | (a) | (b) | (c) | (d) |

15. Penetrating pricing strategy is appropriate when

(A) price elasticity of demand in the market is highly inelastic.
(B) price elasticity of demand in the market is uncertain.
(C) price elasticity of demand in the market is highly elastic.
(D) income elasticity of demand in the market is negatively elastic.

**11.** सूची – I में मदों का सूची – II में मदों के साथ मिलान करें और नीचे दिये कोडों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|
| (a) सामान्य लाभ | (I) | कुल स्पष्ट लागत पर कुल आय का आधिक्य |
| (b) आर्थिक लाभ | (II) | कुल आय कुल आर्थिक लागत के बराबर |
| (c) लेखा लाभ | (III) | कुल स्पष्ट एवं अस्पष्ट लागतों और प्रतिफल की सामान्य दर पर कुल आय का आधिक्य |

**कूट :**

| | (I) | (II) | (III) |
|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (a) | (b) |
| (B) | (b) | (a) | (c) |
| (C) | (a) | (b) | (c) |
| (D) | (a) | (c) | (b) |

**12.** **अभिकथन (A) :** एकाधिकारी फर्म का आय वक्र बाएँ से दाएँ ढलता है ।

**कारण (R) :** एकाधिकारी फर्म को अपनी रुचि एवं सनक के अनुसार वस्तु की कीमत एवं विक्रय करने वाली मात्रा दोनों को निर्धारित करने की स्वतन्त्रता नहीं होती है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य हैं ।

**13.** एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म के लिये उत्पादन का सन्तुलन स्तर उस बिन्दु पर होता हैं जहाँ –

(A) MR = MC

(B) MR < MC

(C) MR > MC

(D) MR = MC, और MC में वृद्धि होना शुरू होता है ।

**14.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (i) डम्पिंग | (a) एकाधिकारी प्रतियोगी फर्म |
| (ii) व्याकुंचित आय-वक्र | (b) अल्पाधिकारी फर्म |
| (iii) क्षैतिज सीधी रेखा आय-वक्र | (c) पूर्णतया प्रतिस्पर्धात्मक फर्म |
| (iv) विभेदित उत्पादों तथा बड़ी संख्या में क्रेता एवं विक्रेता | (d) विभेदक एकाधिकार |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (d) | (c) | (b) |
| (B) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (C) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (D) | (a) | (b) | (c) | (d) |

**15.** अंतवेशीय कीमत निर्धारण की रणनीति उस समय उपयुक्त होती है जब

(A) बाजार में माँग की कीमत लोच अति बेलोचदार है ।

(B) बाजार में माँग की कीमत लोच अनिश्चित है ।

(C) बाजार में माँग की कीमत लोच अति लोचदार है ।

(D) बाजार में माँग की आय लोच ऋणात्मक रूप से लोचदार है ।

**16.** **Assertion (A) :** The expected values should be atleast 5 to apply the chi-square test.

**Reason (R) :** The chi-square distribution provides an adequate approximation of the sampling distribution.

Indicate the correct answer from the following :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the right explanation.
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**17.** In a decision problem having four possible alternative decisions and six possible states of nature, the pay-off table will include

(A) Four payoffs
(B) Six payoffs
(C) Twenty four payoff
(D) Ten payoff

**18.** The mathematical formula for joint probabilities P(AB) = P(A/B) × P(B), holds when

(A) The events are statistically independent.
(B) The events are statistically dependent.
(C) The event is either independent or dependent.
(D) None of the above

**19.** Which one of the following statements is the correct interpretation of P-value of less than 0.01 in hypothesis testing ?

(A) There is <u>overwhelming</u> evidence to infer that the alternative hypothesis is true.
(B) There is <u>strong</u> evidence to infer that the alternative hypothesis is true.
(C) There is <u>weak</u> evidence to indicate that the alternative hypothesis is true.
(D) There is <u>no</u> evidence to infer that the alternative hypothesis is true.

**20.** Two lists of items are given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (i) | Charles Babbage | (a) | Mossai |
| (ii) | Herbert A. Simon | (b) | HTML |
| (iii) | Tim Berners Lee | (c) | Computer Design |
| (iv) | Maarc Andreessen | (d) | Decision model |

Which one of the following is the correct match ?

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (b) | (a) | (d) |
| (B) | (a) | (c) | (d) | (b) |
| (C) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (D) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**21.** Which of the following statements are true about informal organization ?

1. It arises spontaneously.
2. It reflects individual and group goals.
3. It tends to be permanent and stable.
4. It tends to be small and manageable.
5. Its basic purpose is to improve human relations.
6. Its basic purpose is to achieve organisation's goals.

**Codes :**

(A) 1, 2, 3 and 5
(B) 1, 2, 4 and 6
(C) 1, 2, 4 and 5
(D) 2, 3, 5 and 6

16. **अभिकथन (A) :** काई-स्क्वेयर परीक्षण के प्रयुक्त होने के लिये अपेक्षित मूल्य कम से कम 5 होने चाहिये ।

**कारण (R) :** काई-स्क्वेयर बंटन प्रतिचयन बंटन का पर्याप्त समीपवर्त्ती अनुमान प्रदान करता है ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

17. निर्णय की समस्या जिसमें चार संभावित वैकल्पिक निर्णय और छ: संभावित स्थितियाँ है, में पे-ऑफ टेबल में क्या समाविष्ट होगा ?

(A) चार पे-ऑफ्स
(B) छ: पे-ऑफ्स
(C) चौबीस पे-ऑफ्स
(D) दस पे-ऑफ्स

18. संयुक्त प्रायिकताओं : $P(AB) = P(A/B) \times P(B)$ के लिये गणितीय सूत्र लागू होता है जब :

(A) घटनाएँ सांख्यिकीय रूप से स्वतन्त्र हैं ।
(B) घटनाएँ सांख्यिकीय रूप से आश्रित हैं ।
(C) घटना या तो स्वतन्त्र या आश्रित है ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

19. प्राक्कल्पना परीक्षण में 0.01 से कम P-मूल्य की सही व्याख्या निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रदान करता है ?

(A) यह अनुमान करने का अत्याधिक प्रमाण है कि वैकल्पिक प्राक्कल्पना सत्य है ।
(B) यह अनुमान लगाने का मजबूत प्रमाण है कि वैकल्पिक प्राक्कल्पना सत्य है ।
(C) यह अनुमान लगाने का दुर्बल प्रमाण है कि वैकल्पिक प्राक्कल्पना सत्य है ।
(D) यह अनुमान लगाने का कोई प्रमाण नहीं है कि वैकल्पिक प्राक्कल्पना सत्य है ।

20. मदों की दो सूचियाँ दी गई हैं :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (i) | चार्ल्स बाबेज | (a) | मोसाई |
| (ii) | हर्बर्ट ए. साइमन | (b) | एच.टी.एम.एल. |
| (iii) | टिम बर्नर्स ली | (c) | कम्प्यूटर डिजाइन |
| (iv) | मार्क एन्ड्रीसन | (d) | निर्णय मॉडल |

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (b) | (a) | (d) |
| (B) | (a) | (c) | (d) | (b) |
| (C) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (D) | (c) | (d) | (b) | (a) |

21. अनौपचारिक संगठन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(1) यह सहजता से विकसित होता है ।
(2) यह वैयक्तिक एवं समूह के लक्ष्य प्रगट करता है ।
(3) यह स्थायी एवं स्थिर होता है ।
(4) यह लघु एवं प्रबन्धनीय होता है ।
(5) इसका मूलभूत उद्देश्य मानवीय सम्बन्धों को सुधारना है ।
(6) इसका मूलभूत उद्देश्य संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करना है ।

**कूट :**

(A) 1, 2, 3 और 5
(B) 1, 2, 4 और 6
(C) 1, 2, 4 और 5
(D) 2, 3, 5 और 6

**22.** Which of the following is not true about an employee-centered leader as identified by Michigan researchers ?

(A) Treats subordinates as human beings.

(B) Shows concern for their well being.

(C) Focuses on work standards and close supervision.

(D) Encourages and involves them in goal setting.

**23.** According to Talcott Parson, organizations can be classified primarily into four categories, based on functions. Which of the following is not an organization in Parson's scheme ?

(A) Political organisations

(B) Integrative organisations

(C) Pattern maintenance organisations

(D) Commercial organisations

**24.** An MBO programme usually involves the following steps :

1. Establishing unit's objectives
2. Establishing organisational goals
3. Negotiating or agreeing
4. Reviewing the performance
5. Creating action plans

Indicate the correct sequence of the above steps from the following codes :

(A) 1, 2, 3, 4, 5

(B) 2, 1, 3, 5, 4

(C) 2, 3, 1, 4, 5

(D) 5, 4, 3, 2, 1

**25.** Match the following :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Fayol | (1) Economy and Society |
| (b) Taylor | (2) General and Industrial Administration |
| (c) Weber | (3) Principles of Organization |
| (d) Mooney and Reilly | (4) Shop Management |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (B) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (C) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

**26.** A primary group influencing the buyer behaviour is a

(A) Family

(B) Professional association

(C) Religious group

(D) Trade Union

**27.** After conducting the business analysis for developing a new product, a company must do

(A) Idea generation

(B) Product positioning

(C) Product development and testing

(D) Test marketing

**22.** मिशिगन शोधकर्त्ताओं ने कर्मचारी-केन्द्रित नेता के बारे में किसे सत्य नहीं माना है ?

(A) अधीनस्थों के साथ मानवीय व्यवहार करते हैं ।

(B) उनके हितलाभ के लिये सरोकार दर्शाता है ।

(C) कार्य के मानकों एवं सूक्ष्म निरीक्षण पर फोकस करता है ।

(D) उन्हें प्रोत्साहित करता है और लक्ष्य निर्धारण में उन्हें शामिल करता है ।

**23.** टालकोट पार्सन के अनुसार, संगठनों को कार्यों के आधार पर चार वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है । निम्नलिखित में से कौन सा संगठन पार्सन की स्कीम में नहीं है ?

(A) राजनीतिक संगठन

(B) समाकलनात्मक संगठन

(C) पैटर्न अनुरक्षण संगठन

(D) वाणिज्यिक संगठन

**24.** एम.बी.ओ. कार्यक्रम के साथ सामान्यतया निम्नलिखित सोपान जुड़ते हैं :

(1) इकाई के उद्देश्यों की स्थापना

(2) संगठनात्मक लक्ष्यों की स्थापना

(3) समझौता या स्वीकृति

(4) निष्पन्नता का पुनरावलोकन

(5) कार्य योजनाओं का सृजन

निम्नलिखित कोडों से उपर्युक्त सोपानों का सही अनुक्रम बतायें :

(A) 1, 2, 3, 4, 5

(B) 2, 1, 3, 5, 4

(C) 2, 3, 1, 4, 5

(D) 5, 4, 3, 2, 1

**25.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) फेयोल | (1) इकोनोमी एण्ड सोसाइटी |
| (b) टेलर | (2) जनरल एण्ड इंडस्ट्रियल एडमिनिस्ट्रेशन |
| (c) वेबर | (3) प्रिंसीपल्स ऑफ ऑर्गनाइजेशन |
| (d) मूने एवं रेली | (4) शॉप मैनेजमेंट |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (B) | (2) | (4) | (1) | (3) |
| (C) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

**26.** क्रेता के व्यवहार को प्रभावित करने वाला प्राथमिक समूह है :

(A) परिवार

(B) पेशेवरों का संसर्ग

(C) धार्मिक समूह

(D) मजदूर संघ

**27.** नया उत्पाद विकसित करने के लिये व्यवसाय विश्लेषण करने के बाद कम्पनी को क्या करना चाहिये ?

(A) विचारों का सृजन

(B) उत्पाद स्थापित करना

(C) उत्पाद का विकास एवं परीक्षण

(D) परीक्षण विपणन

**28.** Match the items in List – I with those in List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Post purchase behaviour | (i) AIDA |
| (b) Personal selling | (ii) ACMEE |
| (c) Everitt M. Rogers | (iii) Diffusion of Innovation |
| (d) Salesperson training | (iv) Cognitive dissonance |

Indicate the correct matching :

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**29.** Which type of retail stores generally has the highest operating costs ?

(A) Department store

(B) Supermarket

(C) Chain store

(D) Co-operative Store

**30.** Indicate the correct statement :

(A) India has been a pioneer in social marketing.

(B) Advertising Standards Council of India is a statutory body set up by the government of India.

(C) Both (A) and (B) are incorrect.

(D) Both (A) and (B) are correct.

**31.** Match the items of List – I with the items of List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Trade credit and other payables that arise in the firm's day today operations | (i) Maturity Financing |
| (b) Financing and asset needs over time | (ii) Factoring |
| (c) A tool for accelerating the collection from the customers | (iii) Spontaneous financing |
| (d) Seeking financial service to finance on its debtors' balances | (iv) Lockbox system |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**32.** Indicate the cost of equity capital, based on capital asset pricing model, with the following information :

Beta coefficient – 1.40

Risk-free rate of interest – 9%

Expected Rate of Return on equity in the market – 16%

(A) 9.8% (B) 18%

(C) 18.8% (D) 16%

**28.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) उत्तर खरीद व्यवहार | (i) AIDA |
| (b) वैयक्तिक बिक्री | (ii) ACMEE |
| (c) एवरिट एम. रोजर्स | (iii) नवप्रवर्तन का प्रसार |
| (d) विक्रेता का प्रशिक्षण | (iv) संज्ञानात्मक असंगति |

सही उत्तर बताइए :

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**29.** किस प्रकार की फुटकर दुकानों की प्रचालन लागत प्राय: उच्चतम होती है ?

(A) डिपार्टमेंट स्टोर

(B) सुपर मार्किट

(C) चेन स्टोर

(D) कोओपरेटिव स्टोर

**30.** सही कथन बताइये :

(A) सामाजिक विपणन में भारत अग्रणी रहा है ।

(B) भारत विज्ञापन मानक परिषद् भारत की सरकार द्वारा स्थापित किया गया संवैधानिक निकाय है ।

(C) (A) और (B) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) और (B) दोनों सही हैं ।

**31.** सूची – I में मदों को सूची – II में मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) व्यापार ऋण एवं अन्य देयताएँ जो एक फर्म के दिन-प्रतिदिन के प्रचालनों में उद्भूत होती हैं । | (i) परिपक्वता वित्तपोषण |
| (b) समयोपरि वित्तपोषण एवं परिसम्पत्ति संबंधी आवश्यकताएँ | (ii) लेनदारी-लेखा-क्रय (फेक्टरिंग) |
| (c) ग्राहकों से भुगतान की वसूली को त्वरित करने का उपकरण | (iii) सहज वित्तपोषण |
| (d) अपने ऋणियों की शेष राशि का वित्तपोषण करने के लिये वित्तीय सेवा की तलाश करना | (iv) लॉकबॉक्स प्रणाली |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**32.** निम्नलिखित सूचना के साथ पूँजीगत परिसम्पत्ति कीमत निर्धारण मॉडल (CAPM) पर आधारित इक्विटी पूँजी की लागत बताइये :

बीटा ($\beta$) गुणांक = 1.40

जोखिम मुक्त ब्याज की दर – 9%

बाजार में इक्विटी

प्रतिफल की अपेक्षित दर – 16%

(A) 9.8%    (B) 18%

(C) 18.8%    (D) 16%

**33.** The degree of super-leverage would be calculated by :

(A) Adding DOL (Degree of Operating Leverage) and DFL (Degree of Financial Leverage)

(B) Dividing DOL with DFL

(C) Multiplying DOL and DFL

(D) Subtracting DOL from DFL

**34.** Interim cash inflows are reinvested at a rate of return equal to the internal rate of return is the built-in-mechanism for

(A) Net Present Value Method

(B) Internal Rate of Return Method

(C) Profitability Index Method

(D) None of the above

**35.** Who formulated the following model for estimating the market price of equity share ?

$$P = \frac{D + \frac{R_a}{R_c}(E - D)}{R_c}$$

Where, P = Market price of equity share

D = DPS

E = EPS

E – D = Retained earning per share

$R_a$ = Internal rate of return on investment

$R_c$ = Cost of capital

(A) Modigliani-Miller

(B) Myron-Gordon

(C) James E. Walter

(D) Clarkson and Elliot

**36.** Indicate the quantitative methods of job evaluation

(A) Ranking methods and Job comparison method

(B) Point rating method and Factor comparison method

(C) Grading method and Job classification method

(D) Factor comparison method and Ranking method

**37.** Match the items of List – I with those List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (1) | Career goals | (a) | The process where in an executive serves as a guide |
| (2) | Career path | (b) | The future positions one strives to reach as part of career |
| (3) | Career counseling | (c) | The sequential pattern of jobs that form a career |
| (4) | Mentoring | (d) | Guiding people on their possible career path |

**Codes :**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (D) | (c) | (b) | (a) | (d) |

**33.** सुपर-लीवरेज की कोटि की परिगणना किसके द्वारा की जाएगी ?

(A) प्रचालन लीवरेज कोटि (DOL) एवं वित्तीय लीवरेज कोटि (DFL) के जोड़ द्वारा

(B) DOL को DFL के साथ भाग देना

(C) DOL को DFL से गुणा करके

(D) DOL को DFL से घटा करके

**34.** अंतरिम नकद अन्तर्प्रवाह को प्रतिफल की आन्तरिक दर के बराबर प्रतिफल पर पुन: निवेश किया जाता है तो यह किसके लिये अंतर्निहित क्रियाविधि है ?

(A) निवल वर्तमान मूल्य पद्धति

(B) प्रतिफल की आन्तरिक दर पद्धति

(C) लाभदेयता सूचकांक पद्धति

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** इक्विटी अंश के बाजार मूल्य का आकलन करने के लिये निम्नलिखित मॉडल किसने प्रतिपादित किया है ?

$$P = \frac{D + \frac{R_a}{R_c}(E - D)}{R_c}$$

जहाँ : P = इक्विटी अंश का बाजार मूल्य

D = डी.पी.एस.

E = इ.पी.एस.

E – D = प्रति अंश प्रतिधारित उपार्जन

$R_a$ = निवेश पर प्रतिफल की आन्तरिक दर

$R_c$ = पूँजी की लागत

(A) मोदिग्लियानी – मिलर

(B) माइरोन – गोर्डोन

(C) जेम्स इ. वालटर

(D) क्लार्कसन एवं इलियट

**36.** कार्य मूल्यांकन की मात्रात्मक पद्धतियाँ बताइये :

(A) श्रेणीकरण पद्धतियाँ एवं कार्य तुलना पद्धति

(B) अंक निर्धारण पद्धति एवं कारक तुलना पद्धति

(C) क्रम स्थापन पद्धति एवं कार्य वर्गीकरण पद्धति

(D) कारक तुलना पद्धति एवं श्रेणीकरण पद्धति

**37.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (1) कैरियर लक्ष्य | (a) एक प्रक्रिया जहाँ कार्यपालक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है । |
| (2) कैरियर मार्ग | (b) भावी पद (स्थितियाँ) जहाँ व्यक्ति कैरियर के हिस्से के रूप में पहुँचने की चेष्टा करता है । |
| (3) कैरियर संबंधी सलाह | (c) कार्यों का आनुक्रमिक पैटर्न जो कैरियर बनाता है । |
| (4) मार्गदर्शन | (d) लोगों को उनके संभावित कैरियर पथ पर सलाह देना । |

**कूट :**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (D) | (c) | (b) | (a) | (d) |

**38.** The process of receiving and welcoming an employee when he first joins a company and giving him the basic information he needs to settle down quickly and happily and starts working, is referred to as

(A) Placement

(B) Orientation

(C) Job Rotation

(D) Counseling

**39.** Which is not relevant of succession planning ?

(A) Analysis of the demand for managers

(B) Review of existing executives

(C) Planning individuals career paths

(D) Recruitment to meet immediate needs

**40.** Where does recognition of an Employee fall in Maslow's hierarchy of needs theory ?

(A) Self-actualisation

(B) Security needs

(C) Social needs

(D) Esteem needs

**41.** The profitability of public-sector banks is low due to

(i) Over-cautions approach to lending

(ii) Reserve Bank Policies

(iii) High Overhead Costs

(iv) Social-sector lending

Identify the correct code :

**Codes :**

(A) (i) and (ii)

(B) (i) and (iv)

(C) (i), (iii) and (iv)

(D) (ii) and (iii)

**42.** Match the items of List – I with those List – II and select correct answer :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (1) Narasimham Committee | (a) Lending under consortium arrangement |
| (2) Shetty Committee | (b) Frauds and Malpractices in banks |
| (3) Ghosh Committee | (c) Securities operations of banks and financial institutions |
| (4) Janakiraman Committee | (d) Financial system in India |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (4) | (2) | (3) | (1) |
| (D) | (3) | (4) | (1) | (2) |

**43.** Which of the following financial institutions is not with in the supervisory Purview of Reserve Bank of India ?

(A) Foreign Commercial Banks Operating in India

(B) Regional Rural Banks

(C) Mutual Funds

(D) State Co-operative Banks

**44.** The Repo and Reserve Repo rates are resorted to by the RBI as a tool of

(A) Credit Control

(B) Settlement Systems

(C) Currency Management

(D) Liquidity Control

**38.** कर्मचारी जब कम्पनी में प्रथम बार आता है तो उसका स्वागत करने और उसे मूलभूत जानकारी, जो कि उसे शीघ्रता एवं खुशी-खुशी वहाँ जमने और काम प्रारम्भ कर देने के लिये चाहिये होती है, देने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

(A) स्थानन

(B) अभिमुखीकरण

(C) कार्य-परिक्रमण

(D) सलाह/परामर्श देना

**39.** उत्तराधिकार के लिये नियोजन हेतु क्या प्रासंगिक नहीं है ?

(A) प्रबन्धकों के लिये माँग का विश्लेषण

(B) विद्यमान कार्यपालकों का पुनर्वेक्षण

(C) व्यक्तिगत कैरियर पथों का नियोजन

(D) तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भर्ती

**40.** मास्लों के आवश्यकता अधिक्रम सिद्धान्त में कर्मचारी की मान्यता निम्नलिखित में से किसमें आती है ?

(A) स्व-प्रत्यक्षीकरण

(B) सुरक्षा आवश्यकताएँ

(C) सामाजिक आवश्यकताएँ

(D) प्रतिष्ठा की आवश्यकताएँ

**41.** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की लाभदेयता किस कारण कम है ?

(i) उधार देने का अति सर्तककारी उपागम

(ii) रिज़र्व बैंक नीतियाँ

(iii) उच्च ऊपरि लागतें

(iv) सामाजिक-क्षेत्र को ऋण

सही उत्तर बताइए :

**कूट** :

(A) (i) और (ii)

(B) (i) और (iv)

(C) (i), (iii) और (iv)

(D) (ii) और (iii)

**42.** सूची – I में मदों को सूची – II में मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (1) नरसिंहम् समिति | (a) सहायता संघ व्यवस्था के अन्तर्गत उधार देना |
| (2) शेट्टी समिति | (b) बैंकों में धोखा एवं कदाचार |
| (3) घोष समिति | (c) बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं की सुरक्षा प्रचालन |
| (4) जानकीरमण समिति | (d) भारत की वित्तीय व्यवस्था |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (4) | (2) | (3) | (1) |
| (D) | (3) | (4) | (1) | (2) |

**43.** निम्नलिखित में से कौन सी वित्तीय संस्था भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणात्मक सीमाक्षेत्र में नहीं है ?

(A) भारत में परिचालित विदेशी वाणिज्यिक बैंक

(B) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

(C) म्यूच्युअल फंड्स

(D) राज्य सहकारी बैंक

**44.** भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो एवं रिवर्स रेपो रेट का उपयोग किसके उपकरण के रूप में किया जाता है ?

(A) ऋण नियन्त्रण

(B) निबटारा पद्धति

(C) करेन्सी प्रबन्धन

(D) तरलता नियन्त्रण

**45.** Which one of the following institutions is promoted by the IFCI :

(A) Credit Analysis and Research Ltd (CARE)

(B) Rashtriya Gramin Vikas Nidhi (RGVN)

(C) Clearing Corporation of India Ltd (CCIL)

(D) Small Industries Development Bank of India (SIDBI)

**46.** Indicate the right sequence of the stages of internationalization :

(i) Multinational Company

(ii) Global Company

(iii) Transnational Company

(iv) International Company

**Codes :**

(A) (i) (iv) (ii) (iii)

(B) (iv) (i) (iii) (ii)

(C) (i) (iv) (iii) (ii)

(D) (iv) (i) (ii) (iii)

**47.** Which of the following is not one of the components of 'International Reserve' ?

(A) Special Drawing Rights

(B) Reserve Position in IMF

(C) Monetary Gold

(D) Money Market Instruments

**48.** Match the items given in List – I with the most appropriate items in List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) UNCTAD | (i) Foreign investment |
| (b) WTO | (ii) Developing Countries |
| (c) TRIMS | (iii) UNDP |
| (d) ITC | (iv) General Council |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**49.** Duty levied on the value of goods imported is referred to as

(A) Ad valorem Duty

(B) Compound Duty

(C) Specific Duty

(D) Import Duty

**50.** Which of the following can be included in the current account of the balance of payments ?

(i) Purchase of goods from abroad

(ii) Sale of services abroad

(iii) Workers' remittances from aboard

(iv) Sale of copyright to foreigners

(v) Direct investment in equity capital

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii)

(B) (i), (ii) and (iv)

(C) (i), (ii), (iii) and (v)

(D) (i), (ii), (iii) and (iv)

**45.** निम्नलिखित में से किस संस्था को IFCI द्वारा प्रवर्तित किया जाता है ?

(A) ऋण विश्लेषण एवं शोध लिमिटेड (CARE)

(B) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि (RGVN)

(C) भारतीय शोधन निगम लिमिटेड (CCIL)

(D) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)

**46.** अंतर्राष्ट्रीयकरण की अवस्थाओं का सही क्रम बताइये :

(i) बहुराष्ट्रीय कम्पनी (ii) वैश्विक कम्पनी

(iii) पार-राष्ट्रीय कम्पनी (iv) अंतर्राष्ट्रीय कम्पनी

**कूट :**

(A) (i) (iv) (ii) (iii)

(B) (iv) (i) (iii) (ii)

(C) (i) (iv) (iii) (ii)

(D) (iv) (i) (ii) (iii)

**47.** निम्नलिखित में से कौनसा अंतर्राष्ट्रीय रिज़र्व का संघटक नहीं है ?

(A) विशेष आहरण अधिकार

(B) आई.एम.एफ. में प्रारक्षित-निधि की स्थिति

(C) मौद्रिक स्वर्ण

(D) मुद्रा बाजार के विपत्र

**48.** सूची – I में मदों को सूची – II में दी मदों के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) UNCTAD | (i) विदेशी निवेश |
| (b) WTO | (ii) विकासशील देश |
| (c) TRIMS | (iii) UNDP |
| (d) ITC | (iv) महा परिषद |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**49.** आयातित वस्तुओं के मूल्य पर लगाया गया शुल्क क्या कहलाता है ?

(A) यथा मूल्य शुल्क

(B) मिश्रित शुल्क

(C) विशिष्ट शुल्क

(D) आयात शुल्क

**50.** निम्नलिखित मदों में से, किस मद को व्यापार संतुलन के चालू खाते में समाविष्ट किया जा सकता है ?

(i) विदेश से वस्तुओं की खरीद

(ii) विदेश में सेवाओं की बिक्री

(iii) विदेश से कामगार को भेजी रकम

(iv) विदेशियों को कापीराइट की बिक्री

(v) इक्विटी पूँजी में सीधे निवेश

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)

(B) (i), (ii) और (iv)

(C) (i), (ii), (iii) और (v)

(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

**51.** Which of the following items would be specifically included in the statement of cash flows constructed in compliance with AS-3 ?

(A) Conversion of debt to equity

(B) Acquiring an asset through lease

(C) Operating and non-operating cash flow information

(D) Purchasing a building by giving a mortgage to the seller

**52.** Fixing the value of an employee depending upon his productivity, promotability, transferability and retainability is the core of the

(A) Certainty equivalent model

(B) Stochastic Reward Valuation model

(C) Human asset multiplier model

(D) Present value of future earnings model

**53.** Which of the following refers to a situation in which the merger of companies results in over 25% of the market in the hands of the merged companies ?

(A) 'Gateway' condition

(B) Restrictive practice

(C) 'Share of supply' test

(D) 'Asset' test

**54.** Which of the following is true ?

(A) Systematic risk is diversifiable but unsystematic risk is non-diversifiable.

(B) Systematic risk is non-diversifiable but unsystematic risk is diversifiable.

(C) Both systematic and unsystematic risks are diversifiable.

(D) Both systematic and unsystematic risks are non-diversifiable.

**55.** Match the following :

| **List – I (Explanation)** | **List – II (Term)** |
|---|---|
| (a) It involves using the version of master file and the update transactions used to create the current file to re-create the current master file if it becomes damaged. | (1) Audit Trail Controls |
| (b) It involves copying the whole or a portion of the database to some back up medium, typically magnetics tape. | (2) Dumping |
| (c) It stores current and historical data extracted from various operations systems and consolidates for management reporting and analysis. | (3) Grandfather, Father, Son |
| (d) It maintains the chronology of events that occur either to the database definition or the database itself. | (4) Data warehouse for Accounting |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (B) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (C) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

51. निम्नलिखित में से कौन सी मदें, AS-3 के अनुपालन में तैयार किये रोकड़ प्रवाह के विवरण में विशेष रूप से समाविष्ट होती हैं ?
(A) ऋण का इक्विटी में परिवर्तन
(B) सम्पत्ति को पट्टे पर प्राप्त करना
(C) प्रचालन एवं गैर-प्रचालन नकद प्रवाह सूचना
(D) विक्रेता को रहन देकर इमारत खरीदना

52. अपनी उत्पादकता, संवर्धनीयता, हस्तांतरणीयता और प्रतिधारण क्षमता पर निर्भर करने वाले कर्मचारी का मूल्य स्थिर करना किसका सार-तत्त्व है ?
(A) निश्चितता समतुल्य मॉडल
(B) संभाव्य/यादृच्छिक पुरस्कार मूल्यांकन मॉडल
(C) मानव परिसम्पत्ति गुणक मॉडल
(D) भावी उपार्जनों का वर्तमान मूल्य का मॉडल

53. निम्नलिखित में से किस स्थिति में कम्पनियों के विलयन के फलस्वरूप बाजार का 25% विलयित कम्पनियों के हाथों में आ जाता है ?
(A) 'प्रवेश द्वार (गेट वे)' की स्थिति
(B) प्रतिबंधात्मक प्रथा
(C) 'आपूर्ति-अंश' परीक्षण
(D) 'परिसम्पत्ति' परीक्षण

54. निम्नलिखित में से क्या सत्य है ?
(A) व्यवस्थित जोखिम व्यपवर्तनीय है परन्तु अव्यवस्थित जोखिम गैर-व्यपवर्तनीय है ।
(B) व्यवस्थित जोखिम गैर-व्यपवर्तनीय है परन्तु अव्यवस्थित जोखिम व्यपवर्तनीय है ।
(C) व्यवस्थित एवं अव्यवस्थित जोखिम दोनों व्यपवर्तनीय हैं ।
(D) व्यवस्थित एवं अव्यवस्थित जोखिम दोनों गैर-व्यपवर्तनीय हैं ।

55. निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची – I (व्याख्या) | सूची – II (पद) |
|---|---|
| (a) यह मास्टर फाइल और लेनदेनों के अद्यतन के संस्करण के उपयोग से सम्बन्धित है जो वर्तमान मास्टर फाइल, यदि बिगड़ गई है, को पुन:सृजित करने के लिये वर्तमान फाइल सृजित करने में उपयोग किया जाता है । | (1) ऑडिट ट्रेल कंट्रोल्स |
| (b) यह संपूर्ण डेटाबेस या उसके एक अंश को किसी बैक अप मीडियम जो प्रारूपिक रूप से मैगनेटिक टेप है को कॉपी करने से सम्बन्धित है । | (2) डम्पिंग |
| (c) यह विभिन्न प्रचालन प्रणालियों से निकाला वर्तमान एवं ऐतिहासिक डेटा को स्टोर करता है और प्रबन्धन रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण के लिये समेकित करता है । | (3) दादा, पिता एवं पुत्र |
| (d) यह घटनाओं का कालानुक्रम कायम रखता है जो कि या तो डेटाबेस परिभाषा या स्वयं डेटाबेस में घटती है । | (4) लेखांकन के लिये डेटा भंडार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (B) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (C) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

56. Which one is not a major component of holistic marketing ?
(A) Relationship marketing
(B) Integrated marketing
(C) Internal marketing
(D) Socially responsible marketing

57. The final step in target marketing is
(A) Market Analysis
(B) Market Positioning
(C) Market Segmentation
(D) Market Targeting

58. The most recent consideration in product packaging is
(A) Cost effectiveness
(B) Product protection
(C) Product promotion
(D) Economy

59. Distribution logistics (also termed as 'market logistics') does not include
(A) Distribution channel
(B) Inventory
(C) Transportation
(D) Warehouses

60. Most of the money spent in measuring the effectiveness of advertising is spent on
(A) Communication-response research
(B) Pre-testing the advertisements
(C) Post-testing the advertisements
(D) Sales-response research

61. Which of the following is not included in the model of the systems approach to human resource management ?
(A) Departmentation
(B) Recruitment
(C) Performance Appraisal
(D) Promotion

62. Which one of the following is not an example of Herzberg's hygiene factors ?
(A) Advancement
(B) Interpersonal relations
(C) Job security
(D) Work conditions

63. Which of the following two forms of collective bargaining were identified by Chamberlain and Kuhn ?
(A) Integrative Bargaining and Distributive Bargaining
(B) Conjunctive Bargaining and Cooperative Bargaining
(C) Integrative Bargaining and Cooperative Bargaining
(D) Distributive Bargaining and Conjunctive Bargaining

64. Who observed that a worker's behaviour and sentiments are closely related ?
(A) Peter Drucker (B) Elton Mayo
(C) F.W. Taylor (D) Dale Yoder

65. What is not an operative function of HRM ?
(A) Procurement
(B) Development
(C) Organising
(D) Integration

66. The total number of Special Economic Zones notified by the Government of India till March 2011 under the SEZ Act, 2005 is
(A) 154 (B) 184
(C) 286 (D) 386

67. The different forms of IMF assistance are given below. Identify the one which is mainly meant for Less Developed Countries (LDCs)
(A) Credit Tranche Drawing
(B) Extended Fund Facility
(C) Compensatory Financing Facility
(D) Structural Adjustment Facility

56. सर्वांगीण विपणन का मुख्य संघटक क्या नहीं है ?
(A) सम्बन्ध विपणन
(B) एकीकरण विपणन
(C) आन्तरिक विपणन
(D) सामाजिक रूप से उत्तरदायी विपणन

57. लक्ष्य विपणन में अन्तिम सोपान है :
(A) बाजार विश्लेषण
(B) बाजार अवस्थिति
(C) बाजार विखण्डन
(D) बाजार लक्ष्यीकरण

58. उत्पाद की पैकेजिंग में सर्वाधिक हाल ही का तथ्य क्या है ?
(A) लागत प्रभावशीलता
(B) उत्पाद संरक्षण
(C) उत्पाद संवर्धन
(D) मितव्यता

59. 'वितरण तन्त्र' (जिसे 'बाजार तन्त्र' भी कहा जाता है ।) में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं है ?
(A) वितरण चैनल (B) मालसूची
(C) परिवहन (D) मालगोदाम

60. विज्ञापन की प्रभावशीलता मापने के लिये अधिकांश धन किस पर खर्च किया जाता है ?
(A) संप्रेषण - प्रतिक्रिया शोध
(B) विज्ञापनों का पूर्व-परीक्षण
(C) विज्ञापनों का उत्तर-परीक्षण
(D) बिक्री-प्रतिक्रिया शोध

61. मानव संसाधन प्रबन्धन के पद्धति उपागम प्रारूप में निम्नलिखित में से क्या समाविष्ट नहीं होता है ?
(A) विभागीकरण (B) भर्ती
(C) निष्पादन मूल्यांकन (D) पदोन्नति

62. हर्जबर्ग के साफ-सफाई के कारक का उदाहरण निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?
(A) उन्नति
(B) अन्तर्वैयक्तिक संबंध
(C) कार्य (जॉब) सुरक्षा
(D) कार्य की स्थितियाँ

63. सामूहिक सौदेबाजी के निम्नलिखित दो रूपों में से किसकी पहचान चेम्बरलेन एवं कुह्न द्वारा की गई थी ?
(A) समेकित सौदेबाजी एवं वितरक सौदेबाजी
(B) यौगिक सौदेबाजी एवं सहकारी सौदेबाजी
(C) समेकित सौदेबाजी एवं सहकारी सौदेबाजी
(D) वितरक सौदेबाजी एवं यौगिक सौदेबाजी

64. यह किसने अवलोकन किया कि कामगारों का व्यवहार और भावनाएँ घनिष्ट रूप से सम्बन्धित है ?
(A) पीटर ड्रकर (B) एल्टन मेयो
(C) एफ.डब्ल्यू. टेलर (D) डेल योडर

65. एच.आर.एम. का क्रियाकारी फलन कौन सा नहीं है ?
(A) प्रापण (B) विकास
(C) संगठित करना (D) समेकन

66. सेज अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत मार्च 2011 तक भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित विशेष आर्थिक अंचलों की कुल संख्या है :
(A) 154 (B) 184
(C) 286 (D) 386

67. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की सहायता के भिन्न रूप नीचे दिये गये हैं । कम विकसित देशों के लिये मुख्य रूप से कौन सी है ?
(A) क्रेडिट ट्रांश ड्राइंग
(B) विस्तरित निधि सुविधा
(C) क्षतिपूरक वित्तपोषणीय सुविधा
(D) संरचनात्मक समायोजन सुविधा

**68.** In the context of globalization, 'Levitt Thesis' means

(A) Standardisation strategy to respond to the worldwide homogenised market and expand the market through aggressive low pricing

(B) Customise products to regional markets

(C) Customise products to meet the national market

(D) None of the above

**69.** Which one of the following is an internal hedging technique ?

(A) Leading

(B) Netting

(C) Both (A) and (B) above

(D) Swap

**70.** Business conglomerates have different names in different countries. Which country's conglomerates are called 'Chaebols' ?

(A) Japan

(B) South Korea

(C) Germany

(D) China

**71.** Mr. X, a non-resident, earned ₹ 36,000 as interest on German Development Bonds. Of this, he received one-sixth in India. The amount to be included as interest for the computation of his Gross Total Income is

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 6,000 (D) Nil

**72.** Consider the following problem relating to a let-out house property :
Municipal value – ₹ 60,000
Fair rent – ₹ 68,000
Standard rent under the Rent Control Act – ₹ 62,000
Annual Rent received – ₹ 65,000
The Gross Annual Value of the property will be

(A) ₹ 68,000 (B) ₹ 62,000

(C) ₹ 65,000 (D) ₹ 60,000

**73.** From the following, identify by the web-based financial software :

(A) Private Equity Software

(B) Share Accounting Software

(C) Wealth Management Software

(D) WINGS 2013

**74.** Which of the following are true in tax planning ?

(i) It is futuristic in its approach.

(ii) It has limited scope compared to tax management.

(iii) The benefits arising from it are limited particularly in the short run.

(iv) Its main objective is to reduce the tax liability.

**Codes :**

(A) (i), (ii) and (iii)

(B) (i) and (ii)

(C) (i) and (iv)

(D) (ii), (iii) and (iv)

**75.** The benefits of debt financing over equity financing are likely to be highest in which of the following situations ?

(A) High marginal tax rates and low non-interest tax benefits

(B) Low marginal tax rates and low non-interest tax benefits

(C) High marginal tax rates and high non-interest tax benefits

(D) Low marginal tax rates and high non-interest tax benefits.

**68.** वैश्वीकरण के संदर्भ में 'लेविट थीसिस' का अर्थ है

(A) विश्वव्यापी समजातीय बाजारों के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिये मानकीकरण रणनीति और आक्रामक निम्न कीमत निर्धारण के जरिये बाजार विस्तारित करना ।

(B) क्षेत्रीय बाजारों में उत्पादों को ग्राहक रुचि अनुसार बनाना ।

(C) राष्ट्रीय बाजारों की पूर्ति हेतु उत्पादों को ग्राहक प्रिय बनाना ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** आन्तरिक हेजिंग तकनीक निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(A) मार्गदर्शी (लीडिंग)

(B) नेटिंग

(C) (A) और (B) दोनों

(D) स्वैप

**70.** व्यापारिक संगुटों का विभिन्न देशों में भिन्न नाम है । किस देश का संगुट 'चेबोल्स' कहलाता है ?

(A) जापान (B) दक्षिण कोरिया

(C) जर्मनी (D) चीन

**71.** अ-निवासी, श्रीमान X ने जर्मन विकास बॉण्डस पर ₹ 36,000 ब्याज उपार्जित किया । इसमें से उसने छठवाँ हिस्सा भारत में प्राप्त किया । उसकी सकल कुल आय की परिगणना के लिये ब्याज के रूप में कितनी राशि समाविष्ट की जायेगी ?

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 6,000 (D) शून्य

**72.** किराये पर उठाई गई घर-सम्पत्ति से सम्बन्धित निम्नलिखित समस्या पर विचार करें :

नगरपालिका मूल्य – ₹ 60,000

उचित किराया – ₹ 68,000

किराया नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत मानक किराया = ₹ 62,000

वार्षिक किराया प्राप्त हुआ - ₹ 65,000

सम्पत्ति का सकल वार्षिक मूल्य होगा –

(A) ₹ 68,000 (B) ₹ 62,000

(C) ₹ 65,000 (D) ₹ 60,000

**73.** निम्नलिखित में से वेब आधारित वित्तीय सॉफ्टवेयर की पहचान करें :

(A) प्राइवेट इक्विटी सॉफ्टवेयर

(B) अंश लेखांकन सॉफ्टवेयर

(C) सम्पदा प्रबन्धन सॉफ्टवेयर

(D) WINGS 2013 (विंग्स 2013)

**74.** कर नियोजन के सम्बन्ध में क्या सत्य हैं ?

(i) यह अपने दृष्टिकोण में भविष्यवादी है ।

(ii) कर प्रबन्धन की तुलना में इसका सीमित क्षेत्र है ।

(iii) इससे उत्पन्न लाभ विशेष रूप से अल्प काल में सीमित होते हैं ।

(iv) इसका मुख्य उद्देश्य कर दायित्व को कम करना है ।

**कूट :**

(A) (i), (ii) और (iii)

(B) (i) और (ii)

(C) (i) और (iv)

(D) (ii), (iii) और (iv)

**75.** इक्विटी वित्तपोषण के ऊपर ऋण वित्तपोषण के लाभ किस स्थिति में उच्चतम हो सकते हैं ?

(A) उच्च सीमान्त कर दरें और निम्न गैर-ब्याज कर लाभ

(B) निम्न सीमान्त कर दरें और निम्न गैर-ब्याज कर लाभ

(C) उच्च सीमान्त कर दरें और उच्च गैर-ब्याज कर लाभ

(D) निम्न सीमान्त कर दरें और उच्च गैर-ब्याज कर लाभ

**Space For Rough Work**